आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरुवार 03.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कहा– श्रद्धालुओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट 234 गैर हाजिर बॉण्डधारी चिकित्सकों के विरूद्व वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी।
- केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बना रहा रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन। पैदल मार्ग पर संवेदनशील क्षेत्रों में लगाए गए नए चेतावनी बोर्ड।
- आईआईटी रुड़की और सी–मेट हैदराबाद के बीच ई–कचरा रीसाइक्लिंग व प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

**<u>मुख्यमंत्री कांवड़ मेला</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज हरिद्वार में कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने ग्रीन और क्लीन कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश और आसपास के 30 किलोमीटर दायरे में हर 1 से 2 किलोमीटर पर मोबाइल टॉयलेट, पानी, कूड़ा निस्तारण के लिए विशेष गाड़ियों की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा नियमों और सुचिता का पूरी तरह से पालन हो।

बैठक के बाद में पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**<u>गैरहाजिर बॉन्डधारी</u>**

प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पास आउट 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सकों के विरूद्व वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले इन चिकित्सकों की सूची नेशनल मेडिकल काउंसिल को भी उपलब्ध कराई जायेगी।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य से कम शुल्क में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर बॉण्ड की शर्तों का उल्लंघन कर लम्बे समय से बिना सूचना के गैरहाजिर इन चिकित्सकों के विरूद्ध बर्खास्तगी के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। लम्बे समय से गैरहाजिर रहने वाले चिकित्सकों में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज से 56, हल्द्वानी से 95 और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से 83 पास आउट हैं। इन्होंने एमबीबीएस में प्रवेश के समय इन कॉलेजों के साथ 5 साल पर्वतीय क्षेत्रों में सेवाएं देने का अनुबंध किया है। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव को निर्देशित किया गया है कि इन चिकित्सकों की तैनाती वाले जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी से भी स्पष्टीकरण मांगा जाए। विभागीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग सीधे तौर पर जनता से जुड़ा हुआ महकमा है, लिहाजा विभाग में कार्यरत चिकित्सकों, अधिकारियों और कार्मिकों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए कर्तव्यों का पालन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्मिक द्वारा यदि अपने कार्यां और दायित्वों में लापरवाही बरती जाती है, तो उसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## नामांकन बागेश्वर

बागेश्वर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। जिलेभर में प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए कुल 164 नामांकन दाखिल हो चुके हैं। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अब तक चार नामांकन दाखिल किए गए हैं। आज पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नवीन परिहार ने सात सीट से और पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीमा गड़िया ने तोली सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद नवीन परिहार ने कहा कि वे अपने पिछले कार्यकाल के अधूरे कार्यों को पूरा करने के इरादे से मैदान में उतरे हैं। इस बार खेती को जंगली जानवरों से बचाने के लिए ठोस रणनीति बनाना उनकी प्राथमिकता है।

वहीं नीमा गड़िया ने बताया कि उनके क्षेत्र में आपदा की वजह से विकास की गति प्रभावित होती रही है। ऐसे में उनकी प्राथमिकता होगी कि मार्गों और आधारभूत संरचनाओं को आपदा की स्थितियों के अनुरूप सुदृढ़ किया जाए।

## मौसम/भूस्खलन

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन से कुछ मुख्य मार्गों सहित ग्रामीण इलाकों के कई मार्ग बाधित हैं। वहीं, केदारनाथ मार्ग, सोनप्रयाग के पास भूस्खलन से बाधित है। सभी मार्गों को युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल मार्ग पर विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी और दिशा–निर्देश संबंधी बोर्ड लगाए गए हैं। जिला प्रशासन ने गौरीकुंड, घोड़ा पड़ाव, जंगलचट्टी और भीमबली सहित अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में ऐसे स्थानों की पहचान की है, जहां भूस्खलन, पत्थर गिरने, मार्ग फिसलन या नदी–नालों का जल स्तर बढ़ने की संभावना अधिक होती है। इन सभी चिन्हित स्थानों पर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें यात्रियों को सतर्क रहने, मार्ग पर न रुकने और प्रशासनिक दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। जिला प्रशासन ने सभी तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे मौसम की स्थितियों की जानकारी लेकर ही यात्रा करें और मार्ग में दर्शाए गए निर्देशों का पूरी तरह पालन करे। इसके अलावा श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने और केवल आधिकारिक सूचना स्रोतों पर ही भरोसा करने का आग्रह किया है।

## समझौता ज्ञापन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी रुड़की और केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी सामग्री केंद्र– सी–मेट हैदराबाद के बीच ई–कचरा रीसाइक्लिंग व प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत दोनों संस्थानों के बीच संकाय, शोधकर्ताओं और छात्रों के आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के साथ ही संयुक्त अनुसंधान और विकास प्रयासों को सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसके अलावा ई–कचरे के पुनर्चक्रण के लिए अत्याधुनिक प्रक्रिया उपकरणों के विकास और कार्यशालाओं तथा सम्मेलनों की मेजबानी की जाएगी। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर के.के. पंत ने कहा कि सी–मेट के साथ यह साझेदारी प्रभावशाली अनुसंधान के लिए मार्ग खोलती है। सी–मेट के निदेशक डॉ. आर. रथीश ने कहा कि यह समझौता उन्नत सामग्री और ई–कचरे की रीसाइक्लिंग में प्रौद्योगिकी विकास को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## प्रत्याशी सूची चम्पावत

चम्पावत जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत सदस्यों की घोषणा कर दी है। पार्टी के जिला अध्यक्ष गोविन्द सामन्त ने बताया कि जिले की 15 जिला पंचायत सीटों में से 13 पर उम्मीदवारों का चयन किया गया है, जबकि दो सीटों को स्वतंत्र रखा गया है। वहीं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पूरन कठायत ने कहा कि आगामी छह जून को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक के बाद प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा।

## नदी महोत्सव बैठक

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आज ''नदी महोत्सव'' को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने जुलाई से सितम्बर तक आयोजित होने वाले नदी महोत्सव के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों को वृहद स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की सभी प्रमुख नदियों के आस–पास स्वच्छता अभियान आयोजित करने के साथ ही लोगों को नदियों के संरक्षण को लेकर जागरुक करने के आदेश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि नदी महोत्सव के तहत जिले की बालखिला, नंदाकिनी और रामगंगा नदियों के प्रवाह क्षेत्र के विद्यालयों और ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पाकिस्तान सोशल मीडिया प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने कई पाकिस्तानी अभिनेताओं और क्रिकेट खिलाडियों के सोशल मीडिया अकाउंट पर फिर प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों के अनुसार तकनीकी कारणों की वजह से ये लोग कुछ घंटों के लिए इन अकांउटस का इस्तेमाल कर रहे थे। इस वर्ष, मई में भारत–विरोधी दुष्प्रचार और भड़काऊ सामग्री फैलाने के लिए कई पाकिस्तानी यू–ट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया अकाउंट्स पर रोक लगा दी गई थी। इनमें अभिनेता सबा कमर, अहाद रजा मीर, युमना जैदी और दानिश तैमूर के इंस्टाग्राम अकाउंट तथा क्रिकेट खिलाड़ी शाहिद अफरीदी और शोएब अख्तर के यू–ट्यूब चैनल शामिल हैं।